
तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
बालोद भूमि
रायपुर, गुरुवार 23 जनवरी 2025

12 गीता के उपदेश में जीवन को जीने की कला, प्रबंधन ...



10 साव बोले-कांग्रेस ने निकायों की दुर्दशा ...





# हीरापुर स्थित तांदुला नदी के एनीकट में मिली चार आंखों वाली दुर्लभ प्रजाति की मछली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम हीरापुर में तांदुला नदी के एनीकट बांध में ग्रामीणों को चार आंख वाली दुर्लभ प्रजाति की मछली मिली है। वहीं, इसकी जानकारी लगते ही मछलियों को देखने ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। ग्रामीणों का कहना है कि इससे पहले उन्होंने ऐसी मछली नहीं देखी थी। ग्रामीणों ने यह मछली एक–दो नहीं बल्कि लगभग एक टन की पकड़ी है। ▶▶| शेष पेज 11 पर

### अमेरिका में पाई जाती है ये मछली

कुछ जानकारों ने बताया कि इसका नाम सकर माउथ कैट फिश है। साइंटिफिक नेम हाईपोस्ट टोमस प्लेसोस टोमस है, ये अमेजन स्मेल एक्जॉटिक कैट फिश के नाम प्रचलित है, ये पानी की तलहटी में रहती है, जो अमेरिका की अमेजन नदी में पाई जाती है। लोगों का कहना है कि यह खतरनाक नहीं है, लेकिन इस मछली का तालाब या नदी में मिलना अच्छा नहीं है।



### अंतराष्ट्रीय बाजार में है डिमांड

ग्रामीणों ने कहा कि इंटरनेशनल बाजार में ये मछली अधिक कीमत पर बिकती है, यह तेजी से बढ़ने वाली मछली है, इसका आकार बड़ा होने के कारण मछली पालकों को आर्थिक फायदा होता है, लेकिन, भारत में इन मछलियों का मिलना ठीक नहीं हैं, इनका असली घर भारत की नदियां नहीं हैं।



### यह मछली भारत की जलीय विविधता के लिए है खतरनाक

जानकारों के मुताबिक यह मछली भारत के जलीय विविधता के लिए खतरनाक है। ग्रामीणों ने बताया कि ये मछली बहुत जल्दी आकार में बढ़ती है, जिसके कारण तालाब और नदी में पाए जाने वाले दूसरे जीव जंतुओं को ये अपना आहार बना लेती है, जिसके कारण अन्य जीवों का विकास नहीं हो पाता है। इस मछली के कारण भारत में पाई जाने वाली मछलियों की अनेक प्रजातियां विलुप्तता की कगार पर पहुंच सकती हैं, जिसके कारण इस मछली को भारत के तालाबों और नदियों में पालने से परहेज किया जाता है।

## खबर संक्षेप

### ट्रक ने कार को मारी ठोकर बाल-बाल बचे सवार

**बालोद।** झलमला चौक के पास ट्रक ने कार को पीछे से ठोकर मार दी। इससे कार क्षतिग्रस्त हो गई है। थाना बालोद में कार चालक की रिपोर्ट पर ट्रक चालक के खिलाफ धारा 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है। ग्राम देमार दुर्ग निवासी विकास कुमार ने बताया कि मंगलवार को अपनी कार क्रमांक सीजी 04 सीआर 8490 में अपने परिवार के साथ देमार से सुरडोंगर जा रहे थे। शाम को झलमला चौक के पास पहुंचे थे, तभी गुण्डरदेही की तरफ से आ रहे हाईवा क्रमांक सीजी 24 टी 8860 के चालक ने कार को पीछे से ठोकर मार दी। इसके साथ ही कार को घसीटते हुए कुछ दूर तक ले गया। इससे कार का पीछे व दाहिना साईड क्षतिग्रस्त हो गया है। अच्छी बात यह रही कि कार में बैठे लोग सुरक्षित हैं।

### घर के सामने से बाइक चोरी बालोद थाने में मामला दर्ज

**बालोद।** ग्राम बघमरा मड़ई घूमने गए लीलाधर साहू की बाइक चोरी हो गई। मामले में ग्राम ओरमा निवासी लीलाधर साहू ने बताया कि 4 जनवरी को अपने साला टेकराम साहू के घर ग्राम बघमरा में मड़ई देखने गया था। शाम करीब 7 बजे वहां अपनी मोटर सायकिल क्रमांक डीएल 75 बीडी 8556 को साला टेकराम साहू के घर के सामने खड़ी किया और उसके साथ मड़ई देखने चला गया। वहीं, रात लगभग 9 बजे वापस घर पहुंचने पर वहां बाइक नहीं थी। आसपास ढूंढने और पूछने पर पता नहीं चला, तब 21 जनवरी को बालोद थाने में अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 305 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### ग्राम देवरी द में संगीतमय श्रीरामकथा कथा आज

**बालोद/निकुम।** ग्राम देवरी द पुराना पारा में छत्तीसगढ़ के राजहंस मानस परिवार सोनसाय टोला, अंबागढ़ चौकीदार द्वारा एक द्विवसीय श्रीरामकथा संगीतमय कथा 23 जनवरी गुरुवार दोपहर 12 बजे से संध्या 6 बजे तक श्री राजहंस भारद्वाज करेंगे। आयोजनकर्ता पूर्व सरपंच देवरी द गविन्द्रनाथ साहू ने ज्यादा से ज्यादा संख्या में कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### तहसील साहू संघ गुरूर की बैठक आज

**गुरूर।** तहसील साहू संघ गुरूर कार्यकारिणी की आवश्यक बैठक 23 जनवरी गुरूवार को 11 बजे तहसील साहू सदन कोलिहामार गुरूर में रखी गई है। बैठक में तहसील पदाधिकारी गण, समस्त प्रकोष्ठ के संयोजक एवं सह–संयोजक गण, कार्यकारिणी सदस्य गण एवं समस्त परिक्षेत्र अध्यक्षगण उपस्थित रहेंगे।

### सशिमं पसौद में मातृ सम्मेलन और वार्षिक उत्सव कल

**लाटाबोड़।** गुंडरदेही ब्लॉक के ग्राम पसौद में ग्रामवासियों के सहयोग से 24 जनवरी को सरस्वती शिशु मंदिर में मातृ सम्मेलन एवं वार्षिक उत्सव रखा गया है। प्रधानाचार्य पूर्णानन्द साहू ने बताया कि कार्यक्रम बाजार चौक नव दुर्गा मंदिर प्रांगण में 11 बजे से होगा।

## विडंबना : कार्रवाई नहीं पर लकड़ी दलालों के हौसले बुलंद

# अंचल में प्रतिबंधित वृक्षों पर धड़ल्ले से चल रही आरी, अधिकारी मौन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

इन दिनों समीपस्थ ग्रामीण अंचलों में प्रतिबंधित कहुआ लकड़ी का वन विभाग व राजस्व विभाग के अधिकारियों की उदासीनता के कारण अवैध कटाई कर परिवहन का कार्य लकड़ी तस्कर बेखौफ कर रहे हैं। किंतु, लकड़ी तस्करों पर कोई कार्रवाई नहीं होने से जहां उनके हौसले बुलंद हैं, वहीं संबंधित विभागों के अधिकारियों की कार्यशैली पर भी सवाल उठ रहे हैं।

और यह सवाल तब और भी तीखा हो जाता है, जब विभागीय अधिकारियों को लकड़ियों के ढेर के अलावा उसके परिवहन की तैयारियों की सूचना देने के बाद भी वे समय पर नहीं पहुंचते। और जब तक वे पहुंचते हैं, तब तक लकड़ी की अवैध कटाई और परिवहन के सबूत भी गाड़ियों के साथ गायब हो जाते हैं। मिली जानकारी के अनुसार वन विभाग के अधिकारी को को सूचना दी गई कि कुसुमकसा राइस मिल मुख्य मार्ग से लगभग 300 मीटर दूर धरसा मार्ग पर भर्री जमीन पर प्रतिबंधित सहित अन्य प्रजाति के पेड़ों की लकड़ियों का ढेर पड़ा ▶▶| शेष पेज 11 पर



### गांव-गांव घूम रहे लकड़ी कोचिया

लकड़ी कोचिया गांव-गांव में घूमकर किसानों को पैसों का लालच देकर वृक्ष खरीद रहे हैं। किसान भी लकड़ियों को आसानी से बेच देते हैं, जिसमें पेड़ को काटकर परिवहन करने की पूरी जवाबदारी लकड़ी कोचिया की रहती है। इसके कारण लकड़ी का व्यापार करने वाले दलाल इसका फायदा उठाते हैं। वन विभाग व राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा आज तक लकड़ी का अवैध परिवहन करने वालों पर कोई कार्रवाई नहीं करने से ग्रामीण अंचलों में लकड़ी दलाल पूरी तरह सक्रिय हैं। वे किसानों से संपर्क कर उनके खेतों से प्रतिबंधित लकड़ियों को मशीनों से काटकर महंगे दामों में शहरों में बेच रहे हैं। अलग अलग ट्रैक्टरों में प्रतिबंधित लकड़ियों को भरकर अर्धरात्रि में बेखौफ परिवहन किया जा रहा है। तो वहीं मेटाडोरों में त्रिपाल बांधकर दिनदहाड़े कहुआ लकड़ी का परिवहन ग्रामीण अंचलों से जिला मुख्यालय की ओर ले जाने की जानकारी मिल रही है।

### जांच करवाएंगे

इस संबंध में आरके सोनकर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंडी ने बताया कि हरिभूमि के माध्यम से जानकारी मिली है। तहसीलदार के माध्यम से जांच करवाई जाएगी।

### जानकारी देने के 3 घंटे बाद पहुंचे अधिकारी

गौरतलब है कि पूर्व में भी हरिभूमि में 17 दिसंबर को प्रतिबंधित कहुआ लकड़ी की अवैध कटाई का समाचार प्रकाशित होने के बाद भी विभाग के जिम्मेदार नहीं जागे और पिकअप वाहन में उन लकड़ियों को दो युवक बेखौफ दिनदहाड़े भर कर चले गए। उनसे लकड़ी के वाहन में भरने के संबंध में जानकारी लेने पर हमारी लकड़ी है हम चिपरा ले जा रहे है कहा था। उस समय भी सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी कुसुमकसा को मोबाइल पर लकड़ी को पिकअप वाहन में भरने की जानकारी सुबह लगभग 9 बजे दी गई, लेकिन विभाग के जिम्मेदार दोपहर 12 बजे रेलवे स्टेशन कुसुमकसा पहुंचे। तब तक न तो वहां वह वाहन था और न ही लकड़ी का ढेर। इससे लगता है कि वन विभाग के अधिकारी प्रतिबंधित लकड़ी के अवैध कटाई और परिवहन पर रोक लगाने को लेकर गंभीर नहीं हैं।

# चुनावी बिगुल के बाद प्रशासन सतर्क,वाहनों की जांच के अभियान में तेजी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

दल्लीराजहरा सहित आसपास के क्षेत्रों में नगर पालिका और ग्राम पंचायत चुनावों की घोषणा के बाद सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन सतर्क हो गया है। दल्लीराजहरा पुलिस ने चौक-चौराहों पर सख्ती बढ़ा दी है और वाहनों की कड़ी जांच-पड़ताल की जा रही है। दल्लीराजहरा थाना प्रभारी सुनील तिर्की ने कहा कि इस प्रक्रिया का उद्देश्य चुनावी प्रक्रिया को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष बनाए रखना है।

दल्लीराजहरा पुलिस टीम सभी संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की तलाशी ले रही है, जिससे चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था को रोका जा सके। चेकिंग अभियान में वाहनों के दस्तावेज, अवैध सामग्री, और नकदी की जांच की जा रही है। दल्लीराजहरा प्रशासन ने जनता से भी अपील की है कि वे सहयोग करें और चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। दल्लीराजहरा थाना प्रभारी सुनील तिर्की ने कहा कि इस सख्ती से कानून व्यवस्था बनाए रखने में मदद मिलेगी वहीं, यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो। वहीं, दूसरी ओर आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित करने जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश जारी किया है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिले के सभी विभाग एवं कार्यालय प्रमुखों को निर्देश जारी कर नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 की घोषणा तिथि से आदर्श आचरण संहिता का स्वयं पालन करते हुए अपने अधिनस्थ जिले में कार्यरत सभी अधिकारी, कर्मचारियों को पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं।

## सड़क सुरक्षा माह और ऐसा नजारा, कहां हैं जिम्मेदार...

**बालोद।** यह तस्वीर झलमला से बालोद जाने वाले मुख्य मार्ग की है, जहां भूसे से भरा ओवरलोड ट्रक बेरोकटोक दौड़ रहा है। उसमें से भूसी उड़ रही है, जो वाहन चालकों सहित राहगीरों के लिए मुसीबत बन गई है। यह ट्रक जिले में चल रहे सड़क सुरक्षा माह में यातायात पुलिस की सक्रियता, उसकी कार्यशैली पर सवालिया निशान लगा रहा है। ऐसे वाहनों के कारण भी सड़क पर वाहन चालकों एवं राहगीरों के लिए बड़ा खतरा बना रहता है।



## हाईवा चालक से मांगी लिफ्ट फिर 9500 रुपए ले भागा युवक

**बालोद।** एक हाईवा चालक को युवक को लिफ्ट देना भारी पड़ गया। लिफ्ट मांगने वाले युवक चालक के 9500 रूपए ले उड़ा। आरोपी के खिलाफ धारा 303(2) के तहत अपराध दर्ज किया गया है। ग्राम चिरईगोड़ी के राजकुमार ने बताया वह 21 जनवरी को हाईवा क्रमांक सीजी 24 यू 9799 को अपने साथी टामन साहू एवं विकास बंजारे निवासी पड़कीभाट को बिठाकर चलाते हुए झलमला की ओर से बालोद आ रहा था। झलमला चौक पर पाररास निवासी लक्ष्मीनारायण गोंड़ मिला, उसने लिफ्ट मांगी। उन्होंने बताया कि चूंकि मैं लक्ष्मीनारायण को पहचानता हूं, इसलिए मैंने उसे हाईवा में बिठा लिया। उसके बाद बालोद आते हुए एक गैरेज के पास मैं और मेरे दोनों साथी हाईवा का टायर चेक करने उतरे। वहीं, हाईवा में लक्ष्मीनारायण बैठा रहा। टायर चेक करने के बाद मैं और मेरे साथी टामन साहू और विकास हाईवा में चढ़ रहे थे, तभी देखा कि लक्ष्मीनारायण डेशबोर्ड में रखे भूरे रंग के पर्स के अंदर नकदी 9500 रुपया को निकालकर भागने लगा। उसे आवाज देने पर भी वह नहीं रुका और भाग गया।

# कुसुमकसा शराब दुकान के पास खून से लथपथ मिले दो व्यक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

बुधवार को कुसुमकसा स्थित शराब दुकान के पास खून से लथपथ दो व्यक्ति मिले, जिन्हें राहगीरों की सूचना पर 108 के माध्यम जिला अस्पताल लाया गया, जहां इलाज जारी है। बताया गया कि दोनों व्यक्तियों ने शराब पी रखी थी, वहीं एक व्यक्ति पर शराब पीकर अस्पताल में गाली गलौज करने का भी आरोप है।

माना जा रहा है कि व्यक्ति बाइक से गिरकर घायल हुए होंगे, लेकिन घटना स्थल पर कोई बाइक नहीं पाई गई। वहीं, कई लोगों का कहना है कि दोनों व्यक्तियों के साथ मारपीट की गई है, जिससे लहूलुहान हो गए हैं। घायल एक व्यक्ति का नाम नोहर सिंग भुआर्य ग्राम मरकामटोला निवासी बताया जा रहा है। दूसरे घायल व्यक्ति का नाम सुखीत राम भांवर बताया जा रहा है। वहीं, जिला अस्पताल के गार्डों ने घायल व्यक्ति के जेब से मिले मोबाइल नंबर के माध्यम से परिजनों को सूचित किया।



## क्रेडा की नई तकनीक से किसानों को मिल रही बड़ी सुविधा

# अब घर बैठे समय पर कर सकते हैं खेतों में सिंचाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

अब जिले के किसान घर बैठे या कोसों दूर रहकर भी मोबाईल का एक बटन दबाकर खेतों में लगे मोटर पंप को चालू व बंद कर पाएंगे। वर्तमान आधुनिकता के समय मे अब किसानों को बार-बार खेतों में जाकर मोटर बंद व चालू करने की दिक्कतों से निजात मिल रही है। क्रेडा विभाग सहूलियत के लिए अब जिले के किसानों को ऐसी की तकनीक उपलब्ध कराने जा रहा है।

क्रेडा विभाग के अधिकारी ने बताया कि क्रेडा विभाग द्वारा नवाचार करते हुए माह फरवरी से 2024 में किसान को उनके सोलर पम्प के साथ यह सुविधा दी गई थी। किसान द्वारा सौर समाधान मोबाईल एप्प के माध्यम से सोलर पंप अंतर्गत आरएमएस सिस्टम का उपयोग प्रतिदिन किया जा रहा है। आरएमएस एक ऐसी प्रणाली है जिसमें नेटवर्क की सुविधा होने पर दुनिया के किसी भी कोने में रह कर मोबईल के माध्यम से सोलर पंप को ऑपरेट किया जा सकता है। इस प्रणाली का उपयोग हितग्राही द्वारा माह दिसम्बर से किया जा रहा है, जिससे उक्त स्थल पर उपस्थित रहे बिना समय समय पर अपने खेतों में सिंचाई की जा रही है। इससे उनके समय की बचत हो रही है और बचे समय का उपयोग वह अन्य कार्यों में लगा रहे हैं। क्रेडा सीईओ राजेश सिंह राणा द्वारा सोलर पम्पों के साथ इस प्रकार की आटोमेशन की सुविधा किसानों को उपलब्ध कराये जाने हेतु सकारात्मक प्रयास एवं इस संबंध में अन्य किसानों को भी जागरूक किये जाने के निर्देश क्रेडा के अधिकारियों दिये गए।





**किसानों को दी जा रही एप की जानकारी :** क्रेडा सीईओ राजेश सिंह राणा द्वारा लगातार जिले का भी दौरा किया जा रहा है। वहां किसानों को सौर समाधान मोबाईल एप्प की जानकारी भी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि इस एप्प के माध्यम से क्रेडा के किसी भी उपभोक्ता द्वारा संयंत्र की कार्यशीलता संबंधी किसी भी प्रकार की शिकायत दर्ज की जा सकती है। उसका निराकरण जिला व प्रधान कार्यालय स्तर पर किया जाएगा। उक्त एप्प को मोबाईल के प्ले स्टोर में जाकर सौर समाधान एप्प को डाउनलोड किया जा सकता है।

### खेत में नहीं रहने पर भी समय पर हो रही सिंचाई : श्रवण कुमार

ग्राम भरदाकला किसान श्रवण कुमार साहू ने बताया कि उसे नव वर्ष के अवसर पर क्रेडा विभाग द्वारा यह सौगात दी गई है। इसके माध्यम से खेत के पंप में लगे मोटर को मैं मोबाईल एप के माध्यम से चालू व बंद कर पा रहा हूं। अब मैं खेत के पंप को चालू या बंद करने के लिए अपने अन्य काम को नहीं छोड़ता, बल्कि अन्य घरेलू कार्य के साथ कहीं दूर दराज में परिवारिक कामों में भी रहकर आसानी से आ जाकर मोबाईल एप के माध्यम से मोटर चालू बंद कर पा रहा हूं। इससे मेरे खेत में नहीं रहने पर भी वहां लगी फसल पर विपरीत प्रभाव नहीं पड़ रहा है।

एस.आर. पैरामेडिकल कॉलेज
छ.ग. शासन के पैरामेडिकल काउंसिल से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
सीमित सीटे
उपलब्ध पैरामेडिकल टेक्निशियन कोर्स
➔ ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन
➔ पैथोलॉजी लैब टेक्निशियन
➔ एक्स-रे टेक्निशियन
सरकारी नौकरी हेतु मान्यता प्राप्त कोर्स
काउंसलर का मोबाईल नं.-7880102604
चिखली, पोस्ट-जेवरा सिरसा, धमधा रोड, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

पाठक सूचना
बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

# महापौर प्रत्याशियों का फैसला 24 को करेगी भाजपा चुनाव समिति, आएंगे नितिन नवीन

**नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव को लेकर भाजपा संगठन में प्रत्याशियों के चयन की कवायद अब तेज**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में होने वाले नगरीय निकाय और पंचायत चुनावों को लेकर प्रदेश भाजपा संगठन ने अपनी पूरी तैयारी कर ली है। नगर निगम के महापौर, पालिकाओं के अध्यक्ष, नगर पंचायतों के अध्यक्ष और पार्षदों के लिए उम्मीदवारों का चयन 25 जनवरी तक पूरा करके इनका ऐलान भी कर दिया जाएगा। प्रदेश के दस नगर निगमों के लिए महापौर प्रत्याशियों का चयन प्रदेश चुनाव समिति 24 जनवरी को करेगी। भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन बैठक लेने आएंगे। जहां तक पालिका अध्यक्ष प्रत्याशियों का सवाल है तो इनका चयन संभागीय समिति, प्रदेश समिति के अनुमोदन के बाद करेगी। पार्षद प्रत्याशियों का चयन संभागीय समिति करेगी। प्रदेश में पहली बार नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव एक साथ हो रहे हैं। पहले नगरीय निकाय चुनाव होंगे, इसके बाद पंचायत चुनाव होंगे। नगरीय निकायों के लिए मतदान 11 फरवरी को होगा। इसके लिए नामांकन 22 जनवरी से भरे जाने हैं। 28 जनवरी को नामांकन का अंतिम दिन है। भाजपा ने पहले ही तय कर लिया था कि प्रत्याशियों का चयन 25 जनवरी तक करना है। इसको लेकर पहले से ही तैयारी चल रही है। अब चुनाव के ऐलान के बाद प्रत्याशियों के चयन की कवायद और तेज कर दी गई है।



## महापौर-अध्यक्ष प्रत्याशी ऐसे होंगे तय

नगर निगमों के लिए महापौर प्रत्याशियों के चयन के लिए जिलों से नाम संभागीय समिति के पास आएंगे, इसके बाद संभागीय समिति से यह नामों पैनल प्रदेश चयन समिति के पास पहुंचेगा। प्रदेश चयन समिति की बैठक में सभी नगर निगमों के पैनलों पर मंथन के बाद नामों को प्रदेश चुनाव समिति के सामने रखा जाएगा। चुनाव समिति ही अंतिम प्रत्याशी का फैसला करेगी और इसके बाद प्रदेश चयन समिति नामों का ऐलान करेगी। इसी तरह से नगर पालिकाओं के अध्यक्ष प्रत्याशियों के लिए जिलों से संभागीय समिति के पास पैनल आएगा। इस पर संभागीय समिति फैसला करेगी, लेकिन इसके लिए संभागीय समिति को प्रदेश समिति का अनुमोदन लेना पड़ेगा। अनुमोदन लेने के बाद संभागीय समिति पालिका के अध्यक्ष प्रत्याशियों का ऐलान करेगी। यह ऐलान भी 25 जनवरी तक कर दिया जाएगा। नगर पंचायतों के अध्यक्ष प्रत्याशियों पर फैसला संभागीय समिति करेगी और जिलों में इसका ऐलान होगा। पार्षद प्रत्याशियों पर फैसला संभागीय समिति करेगी और इसका ऐलान जिला समितियां करेंगी।

**डिप्टी सीएम बोले- भाजपा करेगी जनता के सपनों को पूरा**

# साव बोले- कांग्रेस ने निकायों की दुर्दशा की, हमने बिना भेदभाव के संवारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा, छत्तीसगढ़ में होने जा रहे नगरीय निकाय व त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव मूलतः उस विश्वास को जनादेश में बदलने के लिए हैं, जो विश्वास हमने अपने पिछले एक वर्ष के कार्यकाल में हासिल किया है। हमने पिछले महीने ही जनादेश परब में विश्वास का एक वर्ष पूर्ण किया है। श्री साव ने कहा कि हमने नगरीय निकाय और पंचायत दोनों का आमचुनाव एक साथ कराने का निर्णय लिया है। ऐसा कर हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वन नेशन वन इलेक्शन की ओर एक निर्णायक कदम बढ़ा चुके हैं। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार में निकायों की भारी दुर्दशा रही है। हमारी सरकार बनने के बाद हमने बिना किसी भेदभाव के निकायों को बजट देकर संवारने का काम किया है। निकायों में कांग्रेस के महापौर और अध्यक्ष रहने के बाद भी निकायों को पैसे दिए गए। हम अपने कामों को लेकर ही जनता के बीच जाएंगे।

एकात्म परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री साव ने कहा, इस वर्ष को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार ने अटल निर्माण वर्ष घोषित किया है। निस्संदेह अटल निर्माण वर्ष में हमारी सरकार अधोसंरचना के क्षेत्र में अधिकाधिक कार्य करेगी और इसका सबसे बड़ा लाभ हमारे नगरीय निकायों को मिलेगा। श्री साव ने कहा, भाजपा ने अपने मंत्र हमने बनाया है, हम ही सँवारेंगे के साथ राज्य में विकास का नया अध्याय लिखा है। केंद्र और राज्य, दोनों में भाजपा सरकार ने जो अद्भुत कार्य किए हैं, वह जनता के सामने हैं। हमने बीते एक साल में जो वादे किए, उन्हें पूरा कर यह साबित किया है कि भाजपा केवल बोलती नहीं, बल्कि करके दिखाती है। अब हम इस मंत्र को लेकर नगर पालिका, नगर निगम और जिला परिषद स्तर तक पहुंच रहे हैं, ताकि हर शहर, हर वार्ड, और हर गली, यहां तक कि हर घर में विकास की यह गूंज सुनाई दे। श्री साव ने कहा कि हमारा उद्देश्य छत्तीसगढ़ के हर नागरिक को स्वच्छ, सुंदर, और समृद्ध जीवन प्रदान करना है। कांग्रेस के भ्रष्टाचार और कुशासन के विपरीत, भाजपा हर स्तर पर पारदर्शी और जवाबदेह शासन देने के लिए प्रतिबद्ध है।




### कांग्रेस ने केंद्र सरकार की योजनाओं को भी रोका

श्री साव ने कहा, केंद्रीय योजनाओं में भी सस्ती राजनीति के कारण लगातार कांग्रेस ने अवरोध पैदा किया। कांग्रेसी महापौरों ने केंद्रीय योजनाओं जैसे पीएम आवास, हर घर जल, और स्वच्छ भारत अभियान को अवरुद्ध किया, ताकि भाजपा सरकार के विकास प्रयासों को विफल किया जा सके। इसने राज्य के विकास को धीमा किया और नागरिकों को आवश्यक मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखा। भाजपा सरकार अब इन योजनाओं को तेजी से लागू कर रही है।

### कांग्रेस ने बिगाड़ा, हमने संवारा

श्री साव ने कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए कहा, कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ की जनता को हमेशा निराश किया है। 2018 के विधानसभा चुनाव और 2019 के शहरी निकाय चुनाव में जीत हासिल करने के बाद, कांग्रेस ने जनहित के वादों को पूरा करने के विपरीत भ्रष्टाचार और कुशासन का नया अध्याय लिखा। कांग्रेस के शासनकाल में विकास के कार्य ठप कर दिए गए। श्री साव ने कहा, छत्तीसगढ़ में पिछले पांच वर्ष में शहरी क्षेत्रों में भी कांग्रेस का कब्जा था, और कांग्रेस के कार्यकाल में शहरों की हुई दुर्दशा किसी से छिपी नहीं है। खराब सीवेज व्यवस्था के कारण शहर गंदगी और जलभराव का शिकार हो गए हैं। मुहल्लों में डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियां फैल रही थी। विकास के कार्य ठप पड़े हुए थे, हमने पिछले 13 महीनों में 7,300 करोड़ रुपए से अधिक के कार्यों की स्वीकृति प्रदान कर शहरों के विकास में जान फूंकी है। मिशन अमृत अंतर्गत पांच शहरों में 865 करोड़ की लागत से सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट स्वीकृत किए गए है। स्वच्छ भारत मिशन 2.0 अंतर्गत अनुपचारित जल प्रबंधन हेतु एक लाख से कम जनसंख्या वाले 160 शहरों में 830 करोड़ की लागत से लगभग 200 सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना और 1000 किमी से अधिक सीवरेज लाइन बिछाई जाएगी।

**महिला कांग्रेस ने खोला मोर्चा**

# कहा- नेताओं की पत्नी को प्रत्याशी बनाने का होगा विरोध

**प्रत्याशी चयन की प्रकिया शुरू होने के बाद सक्रिय हुईं दावेदार**




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य में नगरीय निकाय चुनाव का कार्यक्रम घोषित होने के बाद कांग्रेस में महिला कांग्रेस की कई नेत्रियों ने महापौर पद के लिए दावेदारी की है। महिला कांग्रेस की पदाधिकारियों के साथ कांग्रेस नेताओं की पत्नियां भी दावेदारी कर रही हैं। महिला कांग्रेस की पदाधिकारियों ने मंगलवार को बैठक कर कहा कि नेताओं की पत्नियों को प्रत्याशी बनाने का विरोध किया जाएगा। महिला कांग्रेस की सक्रिय नेताओं में से किसी एक को टिकट देने की मांग की है। उल्लेखनीय है कि महापौर पद के लिए कांग्रेस के नेता जो महापौर पद के लिए दावेदारी कर रहे थे, आरक्षण समान्य महिला होने से उनकी दावेदारी खत्म हो गई, तो इनमें से कई नेताओं ने अपनी पत्नियों का नाम आगे कर दिया। टिकट के लिए दावेदारी करने कांग्रेस के बड़े नेताओं से मुलाकात भी कर रहे हैं। इन नेताओं में प्रमोद दुबे की पत्नी दीप्ति दुबे, पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा की पत्नी परमजीत कौर, पूर्व विधायक प्रत्याशी कन्हैया अग्रवाल की पत्नी मीनाक्षी अग्रवाल, पूर्व विधायक विकास उपाध्याय की पत्नी संजना उपाध्याय के नाम दावेदारों में लिए जा रहे हैं।

### बड़े नेताओं से मिलकर रखेंगे मांग

महिला कांग्रेस की दावेदारों ने बैठक कर विरोध किए जाने के निर्णय से बड़े नेताओं को अवगत करा दिया है। उनका कहना है कि चुनाव समिति के सदस्यों से भी मिलकर इसका विरोध किया जाएगा। महिला पदाधिकारी जो दावेदारी की रही है उनमें अर्पणा संचेती, पल्लवी सिंह, नीतू तिवारी, प्रीति उपाध्याय शुक्ला, वंदना राजपूत, कविता ग्वालानी, निशा यादव, प्रगति बाजपेयी ने दावेदारी की है। बैठक में यह तय किया कि प्रदेश महिला कांग्रेस के पदाधिकारियों को मौका दिया जाना चाहिए। पार्टी के नेताओं औश्र चुनाव समिति के सदस्यों से भी इस संबंध में अलग से मुलाकात कर इसकी मांग रखी जाएगी।

## खबर संक्षेप



### केन्द्रीय मंत्री गिरीराज को देवांगन बुनकर समाज ने सौंपा ज्ञापन

**रायपुर।** अखिल भारतीय देवांगन कोष्टा-कोष्टी समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व प्रदेश देवांगन समाज के संरक्षक महेश देवांगन के नेतृत्व में केन्द्रीय कपड़ा मंत्री गिरीराज सिंह से देवांगन समाज, बुनकर समाज के प्रतिनिधिमण्डल ने विभिन्न मांगों को लेकर नवा रायपुर, अटल नगर स्थित स्टेट गेस्ट हाऊस में भेंट-मुलाकात की। इस दौरान समाज के प्रतिनिधिमण्डल ने ज्ञापन देकर केन्द्र शासन द्वारा सूती धागे पर दिये जा रहे 15 प्रतिशत अनुदान की तरह पॉलिस्टर धागे में भी अनुदान की मांग की है। वहीं हथकरघा वस्त्रों और हथकरघा वस्त्र उत्पादन में उपयोग में आने वाले कच्चा माल जैसे- धागे, हथकरघा उपकरण, हथकरघा उत्पादों को भी जीएसटी से मुक्त रखने की मांग रखी है।

### चौहान होंगे संयुक्त परिवहन आयुक्त

**रायपुर।** राज्य शासन ने कोरबा के एडिशनल एसपी यूबीएस चौहान का तबादला कर उन्हें गृह विभाग में प्रतिनियुक्ति पर भेजा है। सामान्य प्रशासन विभाग ने आदेश जारी कर चौहान को इंद्रावती भवन, नया रायपुर अटल नगर स्थित परिवहन आयुक्त कार्यालय में संयुक्त परिवहन आयुक्त के पद पर पदस्थ किया है।

### शहर में 2 दिन मांस मटन विक्रय रहेगा प्रतिबंधित

**रायपुर।** नगर निगम क्षेत्र में इस माह दो दिन मांस -मटन का विक्रय पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। नगरीय प्रशासन व विकास विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार गणतंत्र दिवस दिनांक 26 जनवरी 2025 और महात्मा गांधी निर्वाण दिवस दिनांक 30 जनवरी 2025 को मांस - मटन का विक्रय पूर्ण रूप से गणतंत्र दिवस के दिन 26 जनवरी और महात्मा गांधी निर्वाण दिवस पर 30 तारीख को निगम क्षेत्र स्थित पशुवध गृह एवं सभी मांस - मटन विक्रय की दुकानें बंद रहेगी।

### जोन कार्यालय के विभागों का औचक निरीक्षण

**रायपुर।** जोन कमिश्नर राजेश्वरी पटेल ने जोन कार्यालय के सभी विभागों का मंगलवार को औचक निरीक्षण किया। इस दौरान शौचालय एवं आउटडोर में गन्दगी मिलने पर विभागीय अधिकारियों को सफाई करवाने निर्देश दिये। ईदगाहभाठा स्थित जोन कार्यालय के विभान्नि विभागों में कार्यालयीन अवधि के दौरान उन्होंने निरीक्षण कर कार्यों की समीक्षा की। नस्तियों का संधारण निर्धारित समय में दस्तावेजों का अवलोकन कर प्रकरणों का निराकरण किए जाने के निर्देश दिये।

### सीएस शुभम आईसीएसआई रायपुर के बने अध्यक्ष

रायपुर। द इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेट्रीज ऑफ इंडिया (आईसीएसआई) के पश्चिमी भारत क्षेत्रीय परिषद (डब्लूआईआरसी) के रायपुर चैप्टर के वर्ष - 2025 के लिए नई कार्यकारिणी समिति गठित की गई है जिसमें सीएस शुभम कांकानी को अध्यक्ष निर्वाचित किया गया है। चैप्टर के अन्य नवनिर्वाचित पदाधिकारी में सीएस वैभव मोहदीवाले उपाध्यक्ष, सीएस प्रिंस पाण्डेय सचिव, सीएस लाची मित्तल कोषाध्यक्ष, सीएस शरद कांकानी, सीएस तनवीर टुटेजा एवं सीएस रिया थोरानी कार्यकारिणी में शामिल किए गए हैं। फिलहाल आईसीएसआई रायपुर में 450 से अधिक सदस्य एवं 3500 से अधिक छात्र हैं।

### कई बीमारियों से बचाने बच्चों को सिरप पिलाने अभियान

**रायपुर।** शरीर में खून की कमी दूर करने के साथ अन्य तरह की बीमारियों से बच्चों को बचाने के लिए विटामिन और आयरन की सिरप पिलाने का अभियान शुरु किया गया। 21 जनवरी से 21 फरवरी तक चलने वाले इस शिशु संरक्षण माह की शुरुआत कलेक्टर गौरव सिंह ने बच्चों को सिरप पिलाकर की। प्रत्येक मंगल और शुक्रवार को चलने वाले अभियान के दौरान पांच वर्ष तक के बच्चों को टीकाकृत किया जायेगा।

# निकाय चुनावों के लिए भाजपा की घोषणा पत्र समिति की कमान अमर अग्रवाल को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव एवं प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय की सहमति से नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा का घोषणापत्र तैयार करने के लिए मंगलवार को पार्टी की घोषणा पत्र समिति का ऐलान किया गया। भाजपा प्रदेश महामंत्री जगदीश (रामू) रोहरा ने बताया, वरिष्ठ विधायक और पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल समिति के संयोजक और विधायक सुनील सोनी सह संयोजक बनाए गए हैं। पुन्नूलाल मोहले, अजय चंद्राकर, राजेश मूणत, प्रेमप्रकाश पाण्डेय, चन्द्रशेखर साहू, मोतीलाल साहू, प्रबोध मिंज, नीलकंठ टेकाम, रिकेश सेन, राजेश अग्रवाल, मधुसूदन यादव, संजय श्रीवास्तव, अनुराग सिंह देव, पंकज झा, राकेश पाण्डेय, दीपक म्हस्के, श्रीमती सफिरा साहू, अंबिका यदु, शशांक शर्मा, उज्जवल दीपक और हेमंत पाणिग्राही घोषणा पत्र समिति के सदस्य बनाए गए हैं।

### कंटेंट टीम के पंकज संयोजक

भाजपा ने नैरेटिव एवं कंटेंट टीम की भी घोषणा की है। मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार पंकज झा इस टीम के संयोजक बनाए गए हैं। टीम में प्रदेश प्रवक्ता दीपक म्हस्के, प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी, शशांक शर्मा, सोमेश पाण्डेय सदस्य होंगे। नगरीय निकाय चुनाव प्रभारी भूपेंद्र सिंह सवन्नी एवं त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव प्रभारी सौरभ सिंह टीम के पदेन सदस्य होंगे।

# पहली बार मुख्यमंत्री बस्तर की जगह सरगुजा में फहराएंगे झंडा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय इस बार गणतंत्र दिवस पर बस्तर में झंडा नहीं फहराएंगे। छत्तीसगढ़ राज्य गठन के बाद से यह परंपरा रही कि मुख्यमंत्री बस्तर में ही झंडा फहराते थे। मुख्यमंत्री इस बार सरगुजा जिले में झंडा फहराएंगे। वहीं बस्तर में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा बस्तर में झंडा फहराएंगे।

समान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी परिपत्र में गणतंत्र दिवस पर झंडा तोलन का जिला वार अतिथियों के नाम जारी किए गए। कोरबा में केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, रायगढ़ में उप मुख्यमंत्री अरुण साव, दुर्ग में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सूरजपुर में मंत्री रामविचार नेताम, महासमुंद में मंत्री दयालदास बघेल, दंतेवाड़ा में मंत्री केदार कश्यप, जशपुर में मंत्री लखनलाल देवांगन, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, बिलासुपर में मंत्री ओपी चौधरी, राजनांदगांव में मंत्री टंकराम वर्मा, बलरामपुर में मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, धमतरी में सांसद बृजमोहन अग्रवाल, कबीरधाम में सांसद विजय बघेल, गरियाबंद सांसद संतोष पांडेय, बलौदाबाजार में सांसद रूप कुमारी चौधरी, जांजगीर-चांपा सांसद राधेश्याम राठिया, खैरागढ़-छईखदान-गंडई में सांसद कमलेश जांगड़े, कांकेर में सांसद महेश कश्यप, सुकमा में सांसद भोजराज नाग, कोंडागांव में सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह, नारायणपुर में विधायक लता उसेंडी, बेमेतरा में विधायक गुरू खुशवंत साहेब, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भ्ऱरतपुर में विधायक गोमती साय, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में प्रणय कुमार सथपथी, बालोद विधायक ललित चंद्राकर, सक्ती में विधायक पुन्नू लाल मोहिले, मुंगेली में विधायक अमर अग्रवाल, मोहला-मानपुर-अंबागढ़चौकी में विधायक अजय चंद्राकर और बीजापुर में विधायक किरणदेव झंडारोहण करेंगे।

# भाजपा ने निकाय चुनाव की जिम्मेदारी सौंपी मंत्रियों को, रायपुर का जिम्मा रामविचार को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश भाजपा संगठन ने नगरीय निकाय चुनाव के लिए नगर निगमों के लिए प्रभारी तय किए हैं। इनमें एक-एक निगम का जिम्मा मंत्रियों को भी सौंपा गया है। साथ ही संगठन के प्रभारी और संयोजक और सहसंयोजक भी बनाए गए हैं। रायपुर का जिम्मा प्रदेश के मंत्री रामविचार नेताम को सौंपा गया। यहां पर संगठन के प्रभारी के रूप में संदीप शर्मा, संयोजक जयंती पटेल और सहसंयोजक छगन मुंदड़ा बनाए गए हैं।

नगरीय निकाय चुनाव में दस नगर निगमों के भी चुनाव हो रहे हैं। प्रदेश भाजपा संगठन ने इसके पहले नगर पालिकाओं और पंचायत चुनाव के लिए तो पहले ही प्रभारी नियुक्ति कर दिए थे, लेकिन अब चुनाव का ऐलान होने के बाद सबसे अहम नगर निगमों के लिए भी प्रभारी तय किए हैं। इसमें सबसे अहम यह है कि इसमें तीन स्तर पर जिम्मा दिया गया है। भाजपा ने इसके लिए पूरी ताकत झोंकी है।



### कहां का जिम्मा किनको

बिलासपुर के लिए प्रभारी मंत्री डिप्टी सीएम अरुण साव, संगठन प्रभारी गौरीशंकर अग्रवाल, संयोजक धरमलाल कौशिक, सुशांत शुक्ला, दुर्ग के प्रभारी मंत्री डिप्टी सीएम विजय शर्मा, संगठन प्रभारी सांसद संतोष पांडेय, सह प्रभारी लाभचंद बाफना, राजीव अग्रवाल, संयोजक, जितेंद्र वर्मा, सह संयोजक कांतीलाल बोथरा, कोरबा के प्रभारी मंत्री लखन लाल देवांगन, संगठन प्रभारी रजनीश सिंह, संयोजक, अशोक चावलानी, डा. राजीव सिंह, अंबिकापुर की प्रभारी मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, संगठन प्रभारी कृष्ण कुमार राय, भीमसेन अग्रवाल, संयोजक अखिलेश सोनी, सह संयोजक ललन प्रताप सिंह, चिरमिरी के प्रभारी मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, संगठन प्रभारी नारायण सिंह चंदेल, संयोजक, डमरूधर बेहरा, धमतरी के प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा, संगठन प्रभारी शिवरतन शर्मा, संयोजक रंजना साहू, राजनांदगांव के प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल, संगठन प्रभारी संजय श्रीवास्तव, संयोजक अभिषेक सिंह, सहसंयोजक रमेश पटेल, जगदलपुर के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप, संगठन प्रभारी ललित चंद्राकर, संयोजक रूप सिंह मंडावी, रायगढ़ के प्रभारी मंत्री ओपी चौधरी, संगठन प्रभारी अनुराग सिंहदेव, संयोजक उमेश अग्रवाल, सहसंयोजक, सुभाष पांडे बनाए गए हैं।

**5 फरवरी को नगरीय निकाय, 18, 21 और 24 फरवरी को पंचायत के परिणाम घोषित होंगे**

# नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव के परिणाम एक साथ हों जारी, कांग्रेस की चुनाव आयोग से मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य निर्वाचन आयोग ने नगरीय निकाय चुनाव और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया है। अब चुनाव की तारीखों और परिणाम की तारीखों को लेकर सियासी सरगर्मी बढ़ गई है। पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने इन तारीखों को लेकर आपत्ति जताई है। उनका कहना है कि जब एक साथ आचार संहिता लग रही है, नामांकन दाखिल हो रहे हैं, तो चुनाव परिणाम अलग-अलग क्यों घोषित किए जाएंगे।

उन्होंने राजीव भवन में संवाददाताओं से चर्चा में राज्य निर्वाचन आयोग से मांग की है कि इससे पंचायत चुनाव प्रभावित होंगे। अलग-अलग चुनाव परिणाम का असर पंचायत चुनाव पर पड़ेगा। कांग्रेस ने मांग की है कि नगरीय निकाय चुनाव और पंचायत चुनाव का रिजल्ट एक साथ जारी किया जाए, इनके परिणाम एक ही दिन जारी किए जाएं। फरवरी में नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव संपन्न हो रहे हैं। 15 फरवरी को नगरीय निकाय चुनाव परिणाम भी घोषित हो रहा है। वहीं 18, 21 और 24 फरवरी को पंचायत चुनाव परिणाम घोषित होंगे। जब प्रदेश में नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव को लेकर एक ही दिन आचार संहिता लग रही है. उसके बाद परिणाम 15 ,18, 21 और 24 फरवरी को घोषित होंगे। परिणाम की तारीख अलग अलग क्यों है, इसकी क्या वजह है। परिणाम का असर इससे जनता पर होगा और सरकार इसका दुरुपयोग करेगी। कांग्रेस ने चुनाव आयोग को पत्र लिखकर मांग कि है कि चुनाव परिणाम एक साथ 24 फरवरी को घोषित किया जाए।




### चुनाव से बोर्ड परीक्षा पर पड़ेगा असर

श्री बैज ने कहा, नगरीय निकाय चुनाव और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का असर बोर्ड परीक्षा पर पड़ेगा। चुनाव और परीक्षा एक साथ हो रही है, सरकार इसका आकलन नहीं कर रही है। 14 तारीख से बोर्ड परीक्षाएं परीक्षाएं शुरू हो रही हैं। उस दौरान चुनाव भी होंगे और प्रचार किया जाएगा, इस दौरान लाउड स्पीकर बजाए जाएंगे। इसका असर बच्चों की पढ़ाई पर पड़ेगा। परीक्षार्थी और उनके अभिभावक इसे लेकर चिंतित नजर आ रहे हैं।

### चुनाव में कांग्रेस के पास मुद्दों की कमी नहीं

उन्होंने कहा, चुनाव में कांग्रेस के पास मुद्दों की कमी नहीं है। एक साल में ही भाजपा सरकार ने जनता की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। खुलेआम सभी विभागों में ट्रांसफर और पोस्टिंग में भ्रष्टाचार हुआ है। किसानों को 3100 रुपए धान का समर्थन मूल्य नहीं मिल रहा है। प्रदेश में कानून व्यवस्था बिगड़ गई है। ऐसे कई मुद्दे हैं, जिनको लेकर वह इस चुनाव में जनता के बीच जाएंगे। हार का डर किसे सता रहा है, वह इस बात से पता चल गया कि दिसंबर का चुनाव अब कराया जा रहा है। ओबीसी वर्ग को अधिकारों से वंचित कर दिया गया है, जिसे लेकर इस वर्ग में सरकार के खिलाफ गुस्सा है। वह इस चुनाव में सरकार को सबक सिखाएगी।

### प्रबंध विकास कार्यक्रम की हुई शुरुआत, 24 तक विभिन्न विषयों पर मिलेगी जानकारी




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज और एमएसएमई की संयुक्त पहल पर मंगलवार को राजधानी के चैंबर भवन में प्रबंध विकास पर आधारित कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इस आयोजन में 24 जनवरी तक विभिन्न विषयों पर विषय विशेषज्ञ प्रतिभागियों को जानकारी प्रदान करेंगे। चैंबर के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव ने बताया कि चेंबर भवन में आयोजित बैठक में एम राजीव , अधीक्षक, केंद्रीय जीएसटी विभाग तथा अभिनव दास , प्रबंधक, एमएसएमई टेक्नोलॉजी सेंटर दुर्ग, प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम के संयोजक कांति पटेल ने बताया कि प्रबंध विकास पर आधारित प्रतिभागियों को एमएसएमई से संबंधित नवीन औद्योगिक इकाई लगाने के संबंध में तकनीकी जानकारी दी गई।

## खबर संक्षेप



### निर्माण कार्य के लिए किया भूमिपूजन, आदर्श विवाह 3 से

**रायपुर।** छग हरदिहा साहू समाज परिक्षेत्र रायपुर के ग्राम कांदुल में बाउंड्रीवाल और शेड निर्माण के लिए सोमवार को ग्रामवासियों के साथ भूमिपूजन किया। इस अवसर पर आदर्श सामूहिक विवाह कार्यक्रम 3 से 7 फरवरी को होने वाली है, उसका भी भूमिपूजन का कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है। इस मौके पर समाज के अध्यक्ष विनय साहू ने बताया कि हरदिहा साहू समाज के परिक्षेत्र रायपुर द्वारा शासन द्वारा प्रदत 5 एकड़ भूमि ग्राम कांदुल में मुख्यमंत्री द्वारा 4 मार्च 2024 को इस सामाजिक भूमि पर आदर्श सामूहिक विवाह के अवसर पर बाउंड्रीवाल के लिए 25 लाख रुपए देने की घोषणा की थी। इस कार्य के लिए समाज द्वारा सोमवार को भूमिपूजन का कार्यक्रम एवं क्षेत्रीय विधायक मोतीलाल साहू रायपुर ग्रामीण विधानसभा द्वारा शेड निर्माण के लिए 38.80 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई है। उसका भी भूमिपूजन रायपुर ग्रामीण के पूर्व विधायक नंदकुमार साहू एवं छग हरदिहा साहू समाज के संरक्षक द्वारा भूमिपूजन किया गया है। भूमिपूजन के अवसर पर गज्जू साहू, तीरथराम साहू, राजकुमार साहू, चिंताराम साहू, रामबगस साहू, डॉ. नरेंद्र साहू, पूर्व सरपंच जितेंद्र धुरंधर व कांदुल गांव के सरपंच असवन लहरे व उपसरपंच शिवराम धनगर, अन्य साहू समाज के 150 सदस्यों की उपस्थिति रही है।

### फार्मेसी काउंसिल अध्यक्ष को हाईकोर्ट से नोटिस

**रायपुर।** न्यायालय की अवमानना करते हुए स्टेट फार्मेसी काउंसिल की विशेष बैठक करने के मामले में अध्यक्ष अरुण मिश्रा को हाईकोर्ट ने नोटिस जारी किया है। फार्मेसी काउंसिल से नियम विरुद्ध सदस्यता समाप्त करने के मामले में डा. राकेश गुप्ता ने उच्च न्यायालय में अपील दायर की थी। न्यायालय ने अपील स्वीकारते हुए फार्मेसी काउंसिल के रजिस्ट्रार अश्वनी गुर्देकर एवं अध्यक्ष अरुण मिश्रा के आदेश को गलत बताते हुए 6 दिसंबर को निरस्त कर डा. गुप्ता की सदस्यता बहाल कर दी थी। उच्च न्यायालय के आदेश की अवहेलना करते हुए 3 जनवरी को फार्मेसी काउंसिल की विशेष बैठक का आयोजन किया गया।

## निधन

### ओंकार सिंह बाण्डे



**बालोद/कलंगपुर।** ग्राम चारभांठा निवासी ओंकार सिंह बाण्डे 81 वर्ष का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। वे दयाल सिंह एवं माधव सिंह बाण्डे के पिता जी थे।

### ठगिया बाई देवांगन



**डौण्डीलोहारा।** नगर निवासी शिक्षक अर्जुन लाल देवांगन की माताजी ठगिया बाई देवांगन का 88 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार उनके गृह ग्राम खपराभाट (देवरी) में बुधवार को किया गया, जिसमें गणमान्य नागरिक, ग्रामवासी तथा परिवारजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# पहली बार दो शिफ्ट में लगीं कक्षाएं, अब साइंस कॉलेज में नया भवन, ताकि मिले अतिरिक्त विकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

साइंस कॉलेज में 6 कक्षाओं के नवीन भवन का निर्माण किया जाएगा। इस प्रस्ताव को मंजूरी मिल चुकी है तथा राशि भी स्वीकृत हो चुकी है। स्वीकार की गई राशि पीडब्ल्यूडी को प्रेषित कर दी गई है। उसके द्वारा ही इस भवन का निर्माण किया जाएगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू होने के बाद पहली बार साइंस कॉलेज को दो शिफ्ट में अपनी कक्षाएं संचालित करनी पड़ी थीं। ऐसा इसलिए क्योंकि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत विद्यार्थियों को अतिरिक्त विकल्प प्रदान किए जाने हैं। साइंस कॉलेज द्वारा बीएससी के विद्यार्थियों को कला संकाय के कुछ विषय विकल्प के रूप में उपलब्ध कराए गए हैं। चूंकि अतिरिक्त विकल्प प्रदान किए जाने के कारण अतिरिक्त कक्षाएं संचालित करनी पड़ रही हैं, इसलिए कक्ष की कमी का सामना महाविद्यालय प्रबंधन कर रहा था। इसके चलते दो पालियों में कक्षाएं लगाते हुए पहली शिफ्ट सुबह 8 बजे से 3 बजे तक तथा द्वितीय शिफ्ट की कक्षाएं सुबह 10.30 बजे से दोपहर 5.30 बजे तक लगाई जा रही है। नवीन भवन का निर्माण होने के पश्चात कक्षाएं पूर्व की भांति एक ही शिफ्ट में संचालित होंगी। हालांकि निर्माण कार्य अभी शुरुआती दौर में है। ऐसे में नवीन भवन का लाभ वर्ष अंत तक ही मिल पाएगा।

## 6 अतिरिक्त कक्षाओं का किया जा रहा निर्माण, पीडब्ल्यूडी तैयार करेगा कक्षाएं

### लगाए जाएंगे स्मार्ट प्रोजेक्टर

जिन नवीन भवनों का निर्माण किया जा रहा है, उसे पुराने भवन की ही तर्ज पर बनाया जाएगा ताकि एकरूपता बरकरार रहे। नवीन कक्षों को स्मार्ट कक्ष का रूप दिया जाएगा। स्मार्ट प्रोजेक्टर सभी कक्षाओं में इंस्टॉल किए जाएंगे ताकि यू-ट्यूब के माध्यम से अथवा अन्य किसी तरह के वीडियो के जरिए छात्रों को आसानी से अध्यापन कराया जा सके। वर्तमान में भी सभी विभागों के पास अपने प्रोजेक्टर हैं, जिनका इस्तेमाल वे समय-समय पर छात्रों को नई चीजें सीखाने के लिए करते हैं, लेकिन नई कक्षाओं में स्थायी रूप से इसकी व्यवस्था की जाएगी। महाविद्यालय परिसर के पीछे रिक्त भूमि में ही यह निर्माण कार्य हो रहा है।



वर्तमान में प्रथम शिफ्ट 8 बजे से द्वितीय 10.30 से

### राधाबाई कन्या महाविद्यालय में 50 सीटर हॉस्टल

साइंस कॉलेज के अलावा जिन कॉलेजों में नवीन निर्माण हो रहे हैं, उसमें नवीन राधाबाई कन्या महाविद्यालय शामिल है। यहां 50 सीटर गर्ल्स हॉस्टल का निर्माण किया जा रहा है। महाविद्यालय कैंपस में ही इस हॉस्टल का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए भी मंजूरी सहित अन्य प्रक्रियाएं पूर्ण हो चुकी हैं। अब तक यहां छात्रावास की सुविधा नहीं थी। अब यहां पढ़ने वाली छात्राओं को 50 सीटर छात्रावास की सुविधा मिल सकेगी। प्रवेश मेरिट बेस पर दिया जाएगा।

### बढ़ाने पड़े सेक्शन

एनईपी के अंतर्गत विषय बढ़ाने के चलते हमें सेक्शन भी बढ़ाने पड़े हैं। आवश्यकता को देखते हुए 6 नवीन कक्ष का निर्माण किया जा रहा है।

- डॉ.अमिताभ बैनर्जी, प्राचार्य, साइंस कॉलेज

### अब तक छात्रावास की सुविधा नहीं

महाविद्यालय में अब तक छात्राओं के लिए हॉस्टल की सुविधा नहीं थी, लेकिन अब हम निर्माण करने जा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र की छात्राओं को इससे सुविधा होगी।

- डॉ.प्रीति मिश्रा, प्राचार्य, राधाबाई महाविद्यालय

## नगर निगम के सामने हर साल सरकार के सामने हाथ फैलाने की नौबत

# सफाई ठेके का हर साल 26 करोड़ भुगतान यूजर से 18 करोड़ वसूली, 8 करोड़ नुकसान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ आत्मनिर्भर नहीं बन पाया प्रदेश का सबसे बड़ा नगर निगम


शहर के सफाई ठेके के एवज में नगर निगम हर साल ठेका एजेंसी रामकी को 26 करोड़ रुपए भुगतान करता है, इसकी भरपाई के लिए जहां शहर के आवासीय एवं वाणिज्यिक प्रयोजन वाले संस्थानों से यूजर चार्ज के रूप में हर साल करीब 18 करोड़ रुपए की वसूली हो रही है, वहीं 8 करोड़ का अंतर अभी भी बना हुआ है। इस गेप को पूरा करने निगम प्रशासन को हर साल राज्य सरकार के सामने हाथ फैलाने की नौबत आ रही है। प्रदेश के सबसे बड़े नगरीय निकाय में शुमार रायपुर नगर निगम अब तक अपने आवश्यक खर्चों को लेकर वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर नहीं बन पाया है। इसके चलते उसे हर साल सरकार के सामने अपने जरूरी खर्चों की भरपाई के लिए हाथ फैलाने की नौबत आती है। चाहे फिल्टर प्लांट का भारी भरकम बिजली बिल हो, या खारुन नदी में नालों का गंदा पानी साफ करने स्थापित 3 सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का बिजली बिल। निगम मुख्यालय से लेकर जोन दफ्तर, सामुदायिक भवन, मल्टीलेवल पार्किंग सहित अन्य परिसरों का बिजली बिल का भुगतान इसमें शामिल है। यही वजह है पानी, सफाई, कर्मचारियों, अधिकारियों के वेतन के लिए नगर निगम को हर साल सरकार के सामने हाथ फैलाने की नौबत आती है।




### कई साल से ऐसी ही स्थिति

इसी तरह शहर के 70 वार्डों की सफाई से लेकर कचरा परिवहन, निष्पादन के कार्य कर रही ठेका कंपनी के कार्य का बिल भुगतान करने निगम अब तक पर्याप्त फंड नहीं जुटा पाया। यह स्थिति कई साल से बनी हुई है। इस ओर शहरी सरकार और निगम प्रशासन कोई ठोस कदम अब तक नहीं उठा पाया है।

# रोहणीपुरम तालाब के पास उद्यान का बदला स्वरूप



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ अव्यवस्थित पाथवे की मरम्मत
■ गार्डन चेयर को किया व्यवस्थित

नगर निगम उद्यानिकी विभाग ने जोन 5 क्षेत्र स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड के रोहणीपुरम तालाब से लगे उद्यान को सुव्यवस्थित कर नया स्वरूप दिया है। आम जनता की सुविधा के लिए गार्डन में लगाये गये चेयर को सुधारकर व्यवस्थित किया गया है। इसके साथ ही अव्यवस्थित पाथवे की मरम्मत कराकर पेंटिंग कराई गई है। रोहणीपुरम तालाब के पास स्थित गार्डन में प्रतिदिन सुबह-शाम आसपास के रहवासी मार्निंग और इवनिंग वॉक करने आते हैं, पर एक अरसे गार्डन में लगाये गये पेड़ पौधों की देखरेख सही तरीके से नहीं होने पौधे सूखने लगे थे। यही नहीं, उद्यान परिसर में लगाई गई कई लाइटें बंद पड़ी थीं। इसके कारण सांझ ढलते ही अंधेरा होने से लोगों को वहां आने-जाने में परेशानी हो रही थी। जन शिकायत के बाद नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर उद्यानिकी व पर्यावरण विभाग की टीम ने गार्डन की देखरेख पर ध्यान देते हुए बंद पड़ी लाइटों को सुधरवाने में तत्परता दिखाई। गार्डन की सुंदरता बढ़ाने चारों ओर सुंदर वाल पेंटिंग कराई गई है।

## प्रसाधन के लिए रूके तीन युवकों को कार ने ठोका, मामला दर्ज

**बालोद।** रास्ते में प्रसाधन के लिए रूके तीन युवकों को कार ने ठोकर मार दी, जिससे तीनों घायल हो गए। इस मामले में कार चालक के खिलाफ धारा 125(ए), 281 के तहत मामला दर्ज किया गया है। ग्राम परसतराई गितेश्वर कुमार ठाकुर ने बताया कि 10 दिसंबर को मैं अपने साथी सोहन यादव, वेदप्रकाश ठाकुर के साथ अपनी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 24 के 4839 में राजाराव पठार मेला गए थे। राजाराव पठार से वापस आते समय रात करीब 9.30 बजे मेनरोड में उमरादाह के पास पेशाब करने के लिये तीनों रुके थे। पेशाब करके वाहन मोटर सायकल में तीनों बैठ रहे थे तभी दुर्ग तरफ़ से आ रही वाहन कार क्रमांक सीजी 10 एफए 6815 के चालक ने सामने से ठोकर मार दी। इससे तीनों को चोट आई और मोटर सायकल भी क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद 108 एम्बुलेंस से जिला अस्पताल बालोद में प्राथमिक उपचार कराने के बाद रिफर करने पर भिलाई के निजी अस्पताल में इलाज कराया गया। ईलाज के लिए बाहर रहने के कारण अब उसकी रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

## शेयर मार्केट में लाभ दिलाने के नाम पर साढ़े 8 लाख की ठगी

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में शेयर मार्केट में निवेश कराकर लाभ दिलाने के नाम पर ठगी करने का एक और मामला सामने आया है। ठग ने निवेश राशि पर हर महीने 10 प्रतिशत का लाभ दिलाने का झांसा देकर उससे 8 लाख 50 हजार रुपए अपने बैंक खातों में ट्रांसफर करा लिए, लेकिन राशि लेने के बाद न ही मुनाफा कराया और न ही निवेश की गई राशि लौटाई। इस घटना की रिपोर्ट टिकरापारा थाने में दर्ज कराई गई है।

## छत्तीसगढ़ विकलांग मंच की बैठक में समस्याओं को लेकर की गई चर्चा



**बालोद।** छत्तीसगढ़ विकलांग मंच बालोद की जिला स्तरीय बैठक गंगासागर तालाब पार बालोद में रखी गई। बैठक में त्रिस्तरीय पंचायत राज अधिनियम में संशोधन की जानकारी दिव्यांग मंच के सदस्यों को प्रदान की गई। मिडिया प्रभारी डिगम्बर सोनबेर ने बताया कि इसके अंतर्गत प्रत्येक पंचायत में एक महिला और एक पुरूष पंच मनोनीत करने वाले छत्तीसगढ़ गजट में प्रकाशित जानकारी का विस्तृत चर्चा व गजट की कापी सभी दिव्यांगों को वितरित की गई।

उसके बाद दिव्यांग आयोग गठन करने पर चर्चा की गई। बालोद जिला के दिव्यांगों ने बारी-बारी से अपनी समस्या बताई। इनमें प्रमुख रूप से रोजगार गारंटी में दिव्यांगों को काम नहीं मिलना, पेंशन योजना में 2002 की गरीबी रेखा सूची की बाध्यता को समाप्त करने तथा गुणवत्तापूर्ण उपकरण के विषय पर चर्चा की गई।

बैठक में दिव्यांग मंच प्रदेश अध्यक्ष ईश्वर प्रसाद छाटा, उपाध्यक्ष अरविंद शर्मा, जिला अध्यक्ष हरिराम कोर्राम, उपाध्यक्ष दल्लू सोनवानी, जिला प्रभारी शिवकुमार साहू, सचिव राकेश निर्मलकर, हिरमोतीन निशाद, सोनकुंवर व अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# राज्य निर्वाचन आयुक्त ने राजनीतिक दलों से की चुनाव प्रक्रिया पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह की अध्यक्षता में आगामी चुनाव प्रक्रियाओं के लिए राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा और समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से बैठक आयोजित की गई। राज्य निर्वाचन आयुक्त ने आचार संहिता का पालन सुनिश्चित करने पर जोर दिया। बैठक में चुनाव कार्यक्रम की समीक्षा और तैयारियों पर चर्चा की गई। सभी राजनीतिक दलों को चुनावी आचार संहिता का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। मतदान प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने तथा ईवीएम के उपयोग को लेकर राजनीतिक दलों को जानकारी दी गई। मशीनों की कार्यप्रणाली और उनकी सुरक्षा को लेकर आश्वासन दिया गया, साथ ही तकनीकी समस्याओं से निपटने के लिए त्वरित समाधान पर चर्चा की गई। निष्पक्ष चुनाव के लिए पुलिस और प्रशासन के साथ समन्वय सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा चुनावी प्रक्रियाओं के सम्बन्ध में पूछे गए प्रश्नों के जवाब भी दिए गए। नामांकन प्रक्रिया, मतदान केंद्रों की व्यवस्था और मतगणना की पारदर्शिता पर चर्चा की गई।



चुनाव प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, निष्पक्ष और प्रभावी बनाने का उद्देश्य था, ताकि लोकतांत्रिक प्रणाली मजबूत हो सके। विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि, आयोग के सचिव डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे, उपसचिव डॉ. नेहा कपूर, आलोक कुमार श्रीवास्तव एवं निर्वाचन आयोग के अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

### प्रत्यक्ष प्रणाली से चुने जाएंगे महापौर, अध्यक्ष

राज्य निर्वाचन आयुक्त ने बताया कि नगरीय निकाय निर्वाचन में अब महापौर एवं अध्यक्ष का निर्वाचन प्रत्यक्ष रीति से होगा। नगर पालिकाओं का निर्वाचन मल्टी पोस्ट मल्टी वोट ईव्हीएम द्वारा करवाया जाएगा। महापौर एवं अध्यक्ष पद के लिए व्यय सीमा निर्धारित की गई है तथा पार्षद पद के लिए कोई व्यय सीमा नहीं है।

### महापौर-अध्यक्ष को देना होगा व्यय लेखा

उन्होंने बताया कि आगामी त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 गैर दलीय आधार पर एवं मतपेटी के माध्यम से कराया जाएगा। नामनिर्देशन पत्र प्रारूप-3 में प्राप्त किया जायेगा। कोई व्यक्ति महापौर/अध्यक्ष एवं पार्षद दोनों के लिए अभ्यर्थी हो सकता है एवं प्रत्येक पद के लिए निर्धारित प्रतिभूति राशि पृथक से जमा करनी होगी। महापौर/अध्यक्ष पद के व्यय लेखा के लिए नाम निर्देशन प्रस्तुत करने के पूर्व एक पृथक बैंक खाता खोलना अनिवार्य है। निर्धारित समय पर शपथ पत्र एवं प्रतिभूति निक्षेप राशि नहीं प्रस्तुत करने पर नामनिर्देशन पत्र अस्वीकार किया जावेगा।

### इन पदों पर होंगे चुनाव

राज्य निर्वाचन आयुक्त ने बताया कि कुल 173 नगर पालिकाओं में 10 नगर पालिक निगम, 49 नगर पालिका परिषद् तथा 114 नगर पंचायत एवं 3201 वार्डों में चुनाव होगा। इसी प्रकार त्रिस्तरीय पंचायतों के जिला पंचायत सदस्य के लिए 433, जनपद पंचायत सदस्य के लिए 2973, सरपंच पद के लिए 11672 तथा पंच पद के लिए 1,60,180 पदों पर आम निर्वाचन कराया जाना है।

## कोचिंग के पार्टनर को गला दबा कर पीटा, जुर्म दर्ज

**भिलाई।** कोचिंग के हिसाब किताब को लेकर दो पार्टनर में मारपीट करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर चार के खिलाफ धारा 296, 351(2), 115(2)3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि सिविक सेंटर भिलाई में रितेश कुमार चौरे और कैलाश चंद्रवंशी दोनों का आईआईटीए ग्रुप कोचिंग पार्टनरशिप में संचालित करते हैं। कोचिंग में रितेश का 60 प्रतिशत और कैलाश का 40 प्रतिशत हिस्सेदारी है। कैलाश चंद्रवंशी द्वारा पिछले लेनदेन के हिसाब को लेकर रितेश पर झूठे आरोप लगाकर अपने भाइयों से अवैध वसूली करवाना चाहता है।

## जन्मदिन उत्सव पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि अब हर माह आप बने भाग्यशाली विजेता। जन्मदिन उत्सव माह फरवरी का फार्मेट का प्रकाशन 20 जनवरी को किया जा चुका है, पाठक अपना फार्मेट 25 जनवरी तक अपने एजेंट सब एजेंट जिला कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

## पेज 9 के शेष

### हीरापुर स्थित तांदुला नदी ...

ग्रामीणों की मानें, तो चार आंखों वाली दुर्लभ मछली है। इस मछली की आंखें सिर से ऊपर हैं। इसके पंख एरोप्लेन आकार के हैं। ग्रामीणों को जैसे ही ये मछली मिली, उसे घर ले आए। इस मछली को देखने के लिए लोगों की भीड़ जुटने लगी। ग्रामीणों की मानें तो यह मछली बिना पानी के भी जिंदा रह सकती है और बहुत सालों बाद भी जब इसमें पानी डाला जाए तो यह जिंदा हो उठती है।

### अंचल में प्रतिबंधित ...

है। ढेर में कहवा अर्जुन वृक्ष, तेंदू, परसा, बीजा सहित अन्य प्रजातियों की लकड़ियां हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि अधिकारी को जानकारी देने के बाद कोई कार्रवाई नजर नहीं आ रही है। इस तरह लकड़ी के ढेर के समीप से खेत से मुख्य मार्ग तक वाहन के आवागमन से बनी कच्ची सड़क लकड़ी की कटाई व परिवहन किए जाने की कहानी बता रही है। इसे देखकर लगता है कि वन व राजस्व विभाग ने प्रतिबंधित लकड़ी की अवैध कटाई कर परिवहन करने की छूट दे दी हो। मिली जानकारी के अनुसार 21 जनवरी को सुबह 10 बजे वन विभाग के अधिकारी को मोबाइल पर प्रतिबंधित कहवा (अर्जुन) सहित अन्य प्रजातियों के पेड़ों के छोटे टुकड़ों के रखे गए ढेर की जानकारी दी गई। उसके बाद सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी ने स्थल का निरीक्षण किया तो पाया कि लकड़ी के टुकड़े भर्री जमीन पर पड़े हैं। वनविभाग के द्वारा काटे गए लकड़ी के टुकड़ों के मालिक के संबंध में पतासाजी की किंतु आज तक पता नहीं चल पाया है।

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चेम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### हाईवा की ठोकर से स्कूटी सवार बुजुर्ग घायल

**बालोद।** बाजार चौक तरौद के पास हाईवा ने स्कूटी सवार 58 वर्षीय व्यक्ति को ठोकर मार दी। दुर्घटना में व्यक्ति के बाएं हाथ, बाएं पैर व पूरे शरीर में चोट आई है। मामले में बालोद थाने में चालक ने विरुद्ध 125, 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है। ग्राम तरौद के देव कुमार यादव ने बताया कि बुधवार को सुबह मैं गांव के बाजार चौक के पास था। उसी समय मेरे बड़े पापा पीलुराम यादव 58 वर्ष निवासी तरौद अपनी स्कूटी क्रं. सीजी 07 एसी 3845 से बालोद तरफ आ रहे थे। उसी समय विपरीत दिशा से आ रहे हाईवा क्रमांक सीजी 08 एयू 7002 के चालक अंकित सिन्हा 22 वर्ष ग्राम दपका निवासी ने हाईवा को तेज चलाकर उनकी स्कूटी को ठोकर मार दी। दुर्घटना में मेरे बड़े पापा को काफी चोटें आई हैं।

### पैसे को लेकर परिवार के लोगों में मारपीट, कोतवाली पहुंचा मामला

**बालोद।** ग्राम खपरी में पैसे को लेकर एक परिवार के तीन लोगों के बीच मारपीट हुई है। मामले में कोतवाली पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया है। ग्राम खपरी (मालीघोरी) निवासी रुखमणी पटेल ने बताया कि 16 जनवरी को मैं घर पर थी, तभी मैं अपने घर में रखे मेरे पैसा के बारे में अपने देवर उमाशंकर एवं देवरानी उमेश्वरी से पूछताछ की। इसी बात पर हम पर पैसा निकालने का इल्जाम लगाते हो कहकर रात 9 बजे घर से निकाल दिया तथा पवन किराना दुकान के सामने दोनों ने गाली देते हुये मारपीट की। पारिवारिक मामला के कारण घटना के 5 दिन बाद 21 जनवरी को प्रार्थी ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई।

### अधिकारी-कर्मचारियों के अवकाश पर प्रतिबंध

**बालोद।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने आदेश जारी कर नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 को दृष्टिगत रखते हुए जिले में पदस्थ समस्त अधिकारी, कर्मचारियों को निर्देशित किया है वे उनकी पूवानुमति के न तो अवकाश पर प्रस्थान करेंगे और न ही मुख्यालय छोड़ेंगे। यह आदेश तत्काल प्रभावशील से आगामी आदेश पर्यन्त लागू होगा।

### आदर्श आचारण संहिता का कड़ाई से पालन करें : चंद्रवाल

**बालोद।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिले के सभी विभाग एवं कार्यालय प्रमुखों को निर्देश जारी कर नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 की घोषणा तिथि से आदर्श आचरण संहिता का स्वयं पालन करते हुए अपने अधीनस्थ जिले में कार्यरत सभी अधिकारी, कर्मचारियों को पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं।

### सिरसिदा में जस झांकी प्रतियोगिता 25 व 26 को

**अंडा।** ग्राम सिरसिदा में दो दिवसीय जस झांकी प्रतियोगिता 25 जनवरी को रखी गई है। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10 बजे सभापति जनपद पंचायत गुण्डरदेही पायल देवेन्द्र शर्मा के मुख्य आतिथ्य में होगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुर्मी समाज बालोद अध्यक्ष अश्वनी चन्द्राकर करेंगे। कार्यक्रम का समापन 26 जनवरी को होगा। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक कुंवर सिंह निषाद होंगे, अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष बालोद सोना देवी देशलहरे करेंगी।

### ग्राम अंडा में जस झांकी प्रतियोगिता 25 व 26 को

**अंडा।** दीपकिरण जस झंकार मंडली एवं समस्त ग्रामवासी अंडा ग्राम आबादी पारा के तत्वावधान में दो दिवसीय जस गायन एवं झांकी प्रतियोगिता 25 एवं 26 जनवरी को रखी गई है। राजेश कुमार धीवर, उमेश साहू और संतोष साहू ने बताया कि उद्घाटन समारोह 24 जनवरी को शाम 7 बजे से रखा गया है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि दुर्ग जनपद पंचायत सभापति टिकेश्वरी देशमुख होंगी, अध्यक्षता दाऊ राधेश्याम चन्द्राकर करेंगे। समापन समारोह 26 जनवरी को होगा, जिसके मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर होंगे।

## ग्राम टिकरी में आयोजित गीता जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक कुंवरसिंह

# गीता के उपदेश में जीवन को जीने की कला, प्रबंधन और कर्म सब कुछ है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

ग्राम टिकरी में यादव मिलन समारोह कोसरिया राऊत यादव समाज गौरैय्या सर्किल चौरेल द्वारा गीता जयंती मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद थे। उन्होंने भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर विधायक श्री निषाद ने कहा कि गीता जयंती समारोह, भगवद गीता के जन्मदिन को मनाने के लिए आयोजित किया जाने वाला उत्सव है। गीता ही एकमात्र ऐसा ग्रंथ है, जिसकी हर साल जयंती मनाई जाती है। गीता को श्रीमद्भगवद्गीता और गीतोपनिषद के नाम से भी जाना जाता है। ऐसा कहा जाता है कि गीता के उपदेशों का अनुसरण करने से समस्त कठिनाइयों और शंकाओं का निवारण होता है। गीता में श्री कृष्ण द्वारा बताए गए उपदेशों पर चलने से व्यक्ति को कठिन से कठिन परिस्थितियों में सही निर्णय लेने की क्षमता का विकास होता है। गीता के उपदेश में जीवन को जीने की कला, प्रबंधन और कर्म सब कुछ है। इसलिए गीता का पाठ अवश्य करना चाहिए। इस अवसर पर सर्किल क्षेत्र के समाज के समस्त पदाधिकारी, सामाजिक जन एवं महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।







### भगवान श्री राम और श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर झूम उठे श्रद्धालु





**अंडा।** ग्राम मोहंदीपाट में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। कथावाचक पं. केशव शर्मा ने समुद्रमंथन, बलि-वामन प्रसंग, श्रीराम जन्मोत्सव और श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का वर्णन किया। भक्तगण इन दिव्य कथाओं को सुनकर भावविभोर हो उठे। पीले वस्त्रों में महिला और पुरुष श्रद्धालु कथा में सम्मिलित हुए। कथा समाप्ति के बाद प्रतिदिन भंडारे का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु श्रद्धापूर्वक प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। परायणकर्ता पं राजेन्द्र शर्मा हैं।

### डौंडी स्थित श्री राम मंदिर में हुई विशेष पूजा



**डौण्डी।** श्री रामलला प्राण-प्रतिष्ठा की पहली वर्षगाँठ के अवसर पर स्थानीय राम मंदिर में नगर के श्रद्धालुओं, श्री राम जन्मभूमि प्राणप्रतिष्ठा समिति तथा श्री रामजन्मभूमि गृह संकल्प अभियान, बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद, गौ शाला समिति के लोगों की उपस्थिति में पूजा, आरती कर सुख-शांति व समृद्धि की कामना की गई। इस अवसर पर प्रसाद के रूप में खीर-पूड़ी का वितरण किया गया। कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष प्रेम शुक्ला, भाजपा मंडल अध्यक्ष रूपेश नायक, जिला प्रतिनिधि मनीष झा, अंकित तिवारी, ईश्वर चक्रधारी, बीएल वैष्णव, निखिल शिवहरे, शिवम दुबे, एमआर नायक, श्यामलाल सोनी, प्रखर संतोषवार, जीवन धनकर, सावित्री नायक के साथ ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

### महिला वर्ग में गुढ़ियारी व पुरुषों में गुदगुदा की मानस मंडली ने जीता प्रथम पुरस्कार

**गुरूर।** ग्राम कनेरी में श्री ब्रोकर गणेशोत्सव समिति एवं समस्त ग्रामवासी कनेरी के तत्वावधान में तीन दिवसीय भव्य संगीतमय मानसगान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के विजेताओं में महिला वर्ग में भूमिजा महिला मानस परिवार गुढ़ियारी प्रथम, माधुरी महिला मानस परिवार नहरगांव द्वितीय, पावन गंगा मानस परिवार मठपुरैना तृतीय, मंगल माधूर्य मानस परिवार ग्रुरामी ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। पुरुष वर्ग में मोर मायरु मानस परिवार गुदगुदा प्रथम, वेद श्रवण मानस परिवार पलांदुर द्वितीय, मां के ममता मानस परिवार चिल्हाटी तृतीय, पावन धरा मानस परिवार छूइया चतुर्थ थान प्राप्त किया। विशेष पुरस्कार के तहत संगीत विशेष में परमेश्वर मानस परिवार सेंहरतरा, व्याख्याता विषेश में सिया के के राम मानस परिवार खट्टी, वेशभूषा विशेष में जाह्वी बालिका मानस परिवार भरूवाडीह, अनुशासन विशेष में गोपेश्वर बाल सखा मानस परिवार बागबाहरा ने पुरस्कार प्राप्त किया।

## शहीद शिरोमणि गैंदसिंह नायक का शहादत दिवस मनाया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

अखिल भारतीय हल्बा हल्बी आदिवासी समाज कुसुमकसा में शहीद शिरोमणि गैंदसिंह नायक का 200वां शहादत दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्याम सिंह गावरे पूर्व महामंत्री अखिल भारतीय हल्बा समाज महासभा बालोद ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तर सिंह कोमा ब्लॉक अध्यक्ष अखिल भारतीय हल्बा हल्बी आदिवासी समाज ब्लॉक कुसुमकसा ने किया। कार्यक्रम के दौरान अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में छत्तर सिंह कोमा ने शहीद शिरोमणि गैंदसिंह नायक के संबंध में जानकारी दी। वहीं विशेष अतिथि भुजबल गौर ने भी श्री नायक की वीरता और देशभक्ति की भावना को नमन करते हुए उनका अनुकरण करने की बात कही। राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त दयालु पिकेश्वर ने सामाजिक एकता पर बल दिया। राजेश चुरेंद्र ने सामाजिक एकता एवं राजनैतिक चेतना की बात की। कार्यक्रम को उदेलाल शिवना, प्रकाश आर्य जिला अध्यक्ष बालोद, तिहार सिंह तारम तथा पवारा कोठारी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन रामकुमार ठाकुर एवं भारत रावटे तथा आभार प्रदर्शन राजाराम तारम ने किया। कार्यक्रम में तुकाराम खरे, रामधुन ठाकुर, बैसाखुराम खरांशु, सभी सर्किल अध्यक्ष कीर्तन रावटे, तुलाराम कोसमा, देवलाल रावटे, पुरण सिंह कृपाल, धरम सिंह पिस्दा, दामेंद्र ठाकुर, कोरटिया, उभय परसगिया, रोमन तारम, हॉनेश ठाकुर सहित अखिल भारतीय हल्बा-हल्बी समाज कुसुमकसा ब्लॉक के सभी पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित थे।

## निकुम में मड़ई की रही धूम



**बालोद/निकुम।** अंचल के प्रसिध्द श्री सिध्दपीठ हनुमान मंदिर निकुम बाजार चौक में मंगलवार को पारंपरिक ढंग से मेला मड़ई का आयोजन किया गया। इस दौरान अंडा पुलिस की नजर मड़ई में चप्पे-चप्पे पर रही। वहीं, मेला मड़ई में बड़ी संख्या में अंचल के ग्रामीण शामिल हुए। वहीं, रात्रि में ग्राम पंचायत निकुम व सामाजिक कार्यकर्ता धर्मेन्द्र साहू के सहयोग से नाचा का आयोजन किया गया। थाना निरीक्षक अंडा भानुप्रताप साव अपनी पुलिस टीम के साथ मड़ई में सुरक्षा व्यवस्था संभालने पूरी तरह मुस्तैद रहे।

## संबलपुर में हुआ भजन-कीर्तन




**डौंडीलोहारा।** श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर शिव कृपा मानस परिवार संबलपुर एवं ग्रामवासियों की ओर से दुर्गा मंदिर प्रांगण में भव्य उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर शिव कृपा मानस परिवार द्वारा भजन कीर्तन करते हुए महाआरती की गई। उसके बाद महाप्रसादी वितरण किया गया। इस अवसर पर अयोध्या में श्री राम मंदिर के इतिहास एवं मंदिर के लिए संघर्षों की कहानी का उल्लेख कथा में किया गया।

## सोलर लाइट की दो साल में तीसरी बार हो रही मरम्मत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

लाखों की लागत से जिला प्रशासन द्वारा घोटिया मार्ग से कलेक्टर कार्यालय तक सोलर लाईट लगाई गई है, जिसकी दो साल में ही तीसरी बार सुधार कार्य और मरम्मत की जरूरत पड़ रही है।

बताया जा रहा है कि सोलर लाईट तोड़फोड़, चोरी व सही देखरेख के अभाव में खराब हो गई। लगाने के लगभग सालभर बाद इन सोलर लाईटों की मरम्मत प्रशासन द्वारा करवाई गई थी। लेकिन अब एक बार फिर मरम्मत करवाने के



साथ नवीन पोल की स्थापना प्रशासन द्वारा लाखों की लागत से कराई जा रही है। असामाजिक तत्वों द्वारा इन सोलर लाईटों की तोड़फोड़ के साथ ही इन लाईटों के चोरी हो जाने की शिकायत लगातार सामने आती रहती थी। वर्तमान में चुनाव होने के कारण कई महत्वपूर्ण बैठकें व चुनाव संबंधी कार्य होने के कारण अधिकारी कर्मचारी कई बार देर रात तक अपने कार्यालय में रुकते हैं। वहीं, चुनाव के दौरान मुख्यालय में रहने के निर्देश के कारण रात में कलेक्टोरेट आना-जाना करते है। इससे दिन के साथ रात में भी आवाजाही बढ़ जाती है। इसे देखते हुए लाइट की मरम्मत करवाई जा रही है।

## देव संस्कृति विश्वविद्यालय द्वारा किया गया था आयोजन

# भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार स्थित देव संस्कृति विश्वविद्यालय द्वारा संचालित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2024-25 का परीक्षा का आयोजन किया गया था, जिसका उद्देश्य छात्र-छात्राओं में स्कूली शिक्षा के साथ-साथ मानवीय मूल्यों का विकास करना तथा सांस्कृतिक चेतना जागृत करना, ऋषि प्रणीत भारतीय संस्कृति का निकट से परिचय कराना तथा विश्व में उसके अस्तित्व का ज्ञान कराना, श्रेष्ठताओं ,संवेदनाओं और सद्गुणों के प्रति आकृष्ट करना, संस्कृतिनिष्ठ जीवन जीने के लिये प्रेरणा देना तथा सांस्कृतिक और आध्यात्मिक मूल्यों को दैनिक जीवन से जोड़ना एवं जीवन में उतारना है। इसी उद्देश्य को लेकर बालोद



जिला में भी परीक्षा का आयोजन किया गया था जिसमें ज़िले के सभी विकासखण्डों से 571 स्कूलों से 5वी से 12वी तथा महाविद्यालय तक नौ वर्गों से कुल बाईस हजार चौबीस विद्यार्थी परीक्षा में बैठे थे।

परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा जिला संयोजक मिलन सिंह सिन्हा ने बताया कि बालोद जिले से 5वीं से प्रथम हिमांशु साहू शिशु मंदिर दल्ली राजहरा, द्वितीय किरण फ़रदफोड़, तृतीय निखिल कोटगांव, 6वीं से प्रथम वासु निषाद मा शा भंवरमरा, द्वितीय पीयूष पटेल शिशु मंदिर दुधली , तृतीय हिमांशी ठाकुर शिशु मंदिर खर्रा, 7वी से प्रथम सुष्मिता कोचेरा,द्वितीय अदिति सिन्हा नेताजी सुभाष चंद्र बोस अर्जुन्दा, तृतीय छाया साहू भारती स्कूल अर्जुन्दा, 8वीं से प्रथम कोमकझी साहू मा शा खपरी, द्वितीय साक्षी मा शा खपरी , तृतीय गीताजंली मा शा खपरी, 9वीं से प्रथम विद्या यादव शास उमावि दर्रा, द्वितीय निष्ठा साहू शास उमावि माहुद , तृतीय कृतिका शास उमावि नेवारीकला, 10वी से प्रथम गरिमा सोनी प्रियदर्शिनी अरजुंदा, द्वितीय ख्याति उमावि पेवरों, तृतीय कल्याणी शास उमावि दर्रा,11वी से प्रथम नोमिता देवांगन शास उमावि भैंसबोड , द्वितीय योगिता सिन्हा शास उमावि धानापुरी,तृतीय उषा कामडे सेजस झलमला, 12वीं से प्रथम गिरीश कुमार सेजस दुधली, द्वितीय हिमांशु यादव सेजस दुधली , तृतीय राजेश कुमार शास उमावि ज सांकरा, महाविद्यालय में प्रथम प्रियांशु बारले शहीद कौशल यादव गुण्डरदेही, द्वितीय विकास पटेल शहीद कौशल यादव गुण्डरदेही, तृतीय धात्री साहू अरमरीकला रहे।

### प्राथमिक शाला गांधीभांठा की एसएमसी अध्यक्ष धनेश्वरी ने कराया न्योता भोज




**अंडा।** शासकीय प्राथमिक शाला गांधीभाठा प्रबंधन समिति के अध्यक्ष धनेश्वरी निर्मलकर ने अपने और जितेन्द्र मोतिम यादव की पुत्री काव्या के जन्मदिन के अवसर पर न्योता भोज कराया। इसके अंतर्गत उन्होंने सभी बच्चों एवं शाला परिवार को नमकीन, केला, मीठा और समोसे का वितरण किया गया। न्योता भोज के लिए प्रधान पाठक चन्द्रहास साहू ने धनेश्वरी निर्मलकर एवं यादव परिवार का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डी.पी.चन्द्राकर, पेमिन नागवंशी, प्रेमीन चन्द्राकर, जितेन्द्र यादव, मोतिम यादव, कुसुमलता यादव, सीता साहू, मोनिका साहू, महेश्वरी साहू, गणेश साहू आदि उपस्थित रहे।

### सेवानिवृत्त शिक्षक नारायण सिंह ने कराया न्योता भोज



**गुरूर।** शासकीय प्राथमिक शाला नवागांव में राज्यपाल सम्मानित सेवानिवृत्त शिक्षक नारायण सिंह गंधर्व ने जन्मदिन पर न्योता भोज कराया। शाला परिवार ने नारायण सिंह की सुखमय जीवन की मंगलकामनाएं की। इस अवसर पर प्रधान पाठक कुशल नेताम, सहायक शिक्षक मुकेश कुमार बैज एवं जीवन लाल नागवंशी, देवलाल साहू और सभी बच्चे उपस्थित थे।

### खैरा स्कूल में बच्चों के पालकों ने दिया न्योता भोज



**डौंडीलोहारा।** अयोध्या में भगवान रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूर्ण होने पर शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला खैरा के पालकों ने न्योता भोज का आयोजन किया। शिक्षक खेमन्त साहू ने बताया कि स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के सीमा चंद्राकर, कमलेश्वरी साहू, चमेली ठाकुर, रेणुका कोसमा, रेखा पटेल, यामिनी कोसमा, टोमेश्वरी निर्मलकर ने न्योता भोज कराया। उन्होंने बताया कि अब प्रति माह शाला में लोग विभिन्न अवसरों पर न्यौता भोज करा रहे हैं और शाला के विकास में भी अपना सहयोग दे रहे हैं। इस अवसर पर प्रधान पाठक प्रेम सिंह कोलियारे, शिक्षक लक्ष्मीकांत नेताम, केशव सिहारे, हेमेंद्र साहू, टिकेश्वरी हरदेल, बरखा साहू उपस्थित थे।

### ग्राम मोखा में मनाया गया युवा सप्ताह



**गुरूर।** ग्राम मोखा में प्रज्ञापीठ हीरक मंडल मोखा गायत्री मंदिर प्रांगण में प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ के मार्गदर्शन में स्वामी विवेकानंद जयंती युवा सप्ताह के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में जिला युवा प्रकोष्ठ के समन्वयक दिलीप निर्मलकर ने सारगर्भित रूप से युवा कौन, युवाओं को अपने कैरियर व जीवन लक्ष्य से संबंधित ज्ञानवर्धक जानकारी दी। इस दौरान चंद्र प्रकाश गंजीर, खेमूराम कलिहारी, मानिकचंद गजेंद्र, रामस्वरूप सिन्हा, योगेश्वर महेंद्र, हितेश कुमार सिन्हा, भगवती सिन्हा, बलराम गजेंद्र, युगल नेताम, डिलेश्वर महेंद्र, कुंजराम सिन्हा एवं समस्त ग्राम वासी व गायत्री परिजन उपस्थित थे। सभी की सहमति से योजस्वी सेन को युवा प्रभारी एवं डोमेश्वरी सिन्हा को सह प्रभारी बनाया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रश्नोत्तरी भी आयोजित की गई। प्रश्नों के उत्तर देने वाले को दिलीप निर्मलकर ने पुरस्कार स्वरूप साहित्य भेंट किया कर सम्मानित किया। उसके बाद दीप यज्ञ मनाया गया।